लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

INDIAN YOUTH ARE POISED TO TAKE THE NATION FORWARD THROUGH THEIR VALUES, EFFORTS AND INNOVATION: LOK SABHA SPEAKER/भारतीय युवा अपने मूल्यों, प्रयासों और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हैं: लोकसभा अध्यक्ष

…

INDIAN WOMEN ARE LEADING THE WAY IN DIVERSE FIELDS FROM SPACE SCIENCE TO MILITARY TO SPORTS: LOK SABHA SPEAKER/भारतीय महिलाएं अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर सेना और खेल तक विविध क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं: लोकसभा अध्यक्ष

…

LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES THE 58TH ANNUAL FUNCTION OF LAXMIBAI COLLEGE, DELHI UNIVERSITY/लोकसभा अध्यक्ष ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज के 58वें वार्षिक समारोह को संबोधित किया

…

New Delhi; 06 March 2024: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed the 58th Annual Function of Laxmibai College, Delhi University, today. On this occasion, Shri Birla also inaugurated the newly built Academic Block in the College.

Paying tributes to Rani Laxmibai, he observed that the students were very fortunate to receive their education in such a prestigious College. He was happy to note the College is known for instilling the values of patriotism and national service in their students.

Expressing confidence in the abilities of Indian women, Shri Birla hoped that the resolve for building Viksit Bharat will be fulfilled by the nation's women. The

women of India will lead the nation on the path of prosperity and glory, felt Shri Birla.

Referring to the National Youth Parliament Festival held earlier today, Shri Birla mentioned that Indian youth is poised to take the nation forward through their values, efforts and innovation. He added that India's daughters are at the forefront of this national endeavour.

Mentioning the trail blazing achievements of Indian women, Shri Birla recalled that women leaders like Rani Laxmibai, Ahilyabhai, Kasturba Gandhi etc paved the way forward for the current generation of women to achieve their full potential. He added that our glorious history inspires us to build the future. He added that today Indian women have made their mark in diverse fields from space science to military to sports.

Commending the students' discipline, abilities, and their achievements, Shri Birla noted that discipline is the path to success and they should adhere to principles of a disciplined life which will make them better human beings.

नई दिल्ली; 06 मार्च 2024: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज के 58वें वार्षिक समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कॉलेज में नवनिर्मित एकेडमिक ब्लॉक का भी उद्घाटन किया।

प्रारंभ में, श्री बिरला ने रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि छात्र इतने प्रतिष्ठित संस्थान में शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत भाग्यशाली हैं क्योंकि यह विद्यालय अपने छात्रों में देशभक्ति और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को स्थापित करने के लिए जाना जाता है।

भारतीय महिलाओं की क्षमताओं का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि विकसित भारत के निर्माण का संकल्प देश की महिलाएं पूरा करेंगी। श्री बिरला ने कहा कि भारत की महिलाएं देश को समृद्धि और गौरव के पथ पर ले जाएंगी।

आज सुबह आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय युवा अपने मूल्यों, प्रयासों और नवाचार के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियां इस राष्ट्रीय प्रयास में सबसे आगे हैं।

भारतीय महिलाओं की अग्रणी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याभाई, कस्तूरबा गांधी आदि महिला नेताओं ने महिलाओं की वर्तमान पीढ़ी को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने विचार व्यक्त किया कि हमारा गौरवशाली इतिहास हमें भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय महिलाओं ने अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर सेना और खेल तक विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है।

छात्रों के अनुशासन, क्षमताओं और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि अनुशासन ही सफलता का मार्ग है और उन्हें अनुशासित जीवन के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए जो उन्हें बेहतर इंसान बनाएगा।